Roll No. .....................

**11002**

## कक्षा 11वीं वार्षिक परीक्षा, 2024-25

[051]

# HINDI

# हिन्दी

[Total No. of Questions: 23] [Total No. of Printed Pages: 08]

[Time: 03 Hours] [Maximum Marks: 80]

*निर्देश -*

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित है।

(iii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक उप- प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।

(iv) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक कुल 10 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।

(v) प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक कुल 4 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।

(vi) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक कुल 4 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है।

(vii) प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

प्र.1 सही विकल्प का चयन कर लिखिए -

(i) कबीरदास जी को 'वाणी का डिक्टेटर' किसने कहा?

(अ) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(ब) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(स) बालमुकुंद गुप्त

(द) रामचन्द्र शुक्ल

(ii) फूल हँसे कलियां मुस्काई - पंक्ति में कौनसा अलंकार है?

(अ) विरोधाभास अलंकार

(ब) मानवीकरण अलंकार

(स) भ्रान्तिमान अलंकार

(द) संदेह अलंकार

(iii) नमक की गाड़ियाँ कहाँ जा रही थीं?

(अ) कानपुर

(ब) धनपुर

(स) रामपुर

(द) श्यामपुर

(iv) देशज शब्द है -

(अ) सारांश

(ब) कोशिका

(स) लोटा

(द) पद्यांश

(v) लता जी की गायकी की विशेषता नहीं है -

(अ) कोमलता

(ब) मुग्धता

(स) कर्कशता

(द) मधुरता

(vi) हिन्दी का प्रथम साप्ताहिक समाचार पत्र है -

(अ) उदंत मार्तण्ड

(ब) सरस्वती

(स) बंगाल गजट

(द) कर्मवीर

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कर लिखिए -

(i) मीरा के गुरु...............थे। (रैद्रास/वल्लभाचार्य)

(ii) वे कारण जो स्थायी भाव को जगाने का कार्य करते हैं,.................कहलाते हैं । (अनुभाव/विभाव)

(iii) अमित के गणित विषय में............नंबर आए थे। (72/86)

(iv) वह भाषा जिसमें राज्य के संदेश प्रसारित होते हैं,.................कहलाती है। (राष्ट्रभाषा/राजभाषा)

(v) "राजस्थान की रजत बूंदे" पाठ के लेखक.............हैं। (कुमार गंधर्व/अनुपम मिश्र)

(vi) डायरी नितांत.....................रचना है। (अंतुरंग/बहिरंग)

प्र.3 निम्नलिखित कथनों के समक्ष सत्य या असत्य लिखिए -

(i) निर्मला पुतुल का संबंध झारखण्ड से है।

(ii) तुम्हारा मित्र गधा है, वाक्य में व्यंजना शब्द शक्ति है।

(iii) 'जामुन का पेड़' कृष्णचंदर का प्रसिद्ध संस्मरण है।

(iv) संयुक्त वाक्य में दो सरल वाक्य किसी संयोजक शब्द से जुड़े होते हैं।

(v) प्रकृति से लगाव भारतीय कलाओं की मुख्य विशेषता है।

(vi) अनपढ़ लोगों के लिए रेडियो जनसंचार का एक सशक्त माध्यम है।

प्र.4 सही जोड़ी का मिलान कर लिखिए -

| स्तम्भ (अ) | | स्तम्भ (ब) |
|---|---|---|
| (I) संथाली भाषा | - | 31 वर्ण |
| (II) एक कंठ विषपायी | - | जवाहर लाल नेहरू |
| (III) कवित्त | - | राजस्थान |
| (IV) भारतमाता | - | निर्मला पुतुल |
| (V) जो थोड़ा जानता हो | - | 1959 |
| (VI) घूमर नृत्य | - | दुष्यंत कुमार |
| (VII) भारत में टेलीविजन की शुरुआत | - | अल्पज्ञ |

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए -

(i) 'घर की याद' कविता में कवि किसको याद करता है?

(ii) रसराज की उपाधि किस रस को दी है?

(iii) 'तालीम की तालीम बड़ी चीज है, किसका कथन है?

(iv) धनराम के पिता का क्या व्यवसाय था?

(v) 'अगर मेहनत करोगे तो पास हो जाओगे' कौनसा वाक्य है?

(vi) सबसे प्राचीन चित्रों के नमूने कहाँ मिलते हैं?

(vii) संचार का सबसे महंगा साधन कौनसा है?

प्र.6 रीतिकाल की दो प्रमुख प्रवृत्तियाँ लिखिए।

अथवा

प्रयोगवाद के दो प्रमुख कवियों के नाम लिखकर उनकी एक-एक रचना का नाम लिखिए ।

प्र.7 'घर की याद' कविता में कवि ने उनके पिता की किन विशेषताओं को बताया है? लिखिए।

अथवा

लक्ष्य की प्राप्ति में इंद्रियाँ बाधक होती हैं - इस संदर्भ में अपने तर्क दीजिए।

प्र.8 बिम्ब योजना क्या है? दो ऐन्द्रिय बिम्बों के नाम लिखिए।

अथवा

अभिधा शब्द शक्ति को उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.9 विभाव और अनुभाव में अंतर स्पष्ट कर लिखिए।

अथवा

'उदाहरण अलंकार' को उदाहरण देकर समझाइए ।

प्र.10 एक आदर्श निबंध लिखते समय हमें किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? लिखिए।

अथवा

रेखाचित्र किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.11 पं. अलोपीदीन के व्यक्तित्व की कौन-कौन सी विशेषताएं कहानी में उभरकर आती हैं? लिखिए ।

अथवा

'जामुन का पेड़' व्यंगकथा में सरकार के किन-किन विभागों की चर्चा की गई है? लिखिए।

प्र.12 'निपात' शब्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

अथवा

राष्ट्रभाषा क्या है? ये राजभाषा से किस प्रकार अलग है? लिखिए।

प्र.13 मुहावरे एवं लोकोक्ति में दो अंतर लिखिए।

अथवा

सार लेखन लिखते समय हमें किन-किन बातों का ध्यान रखना होता है? लिखिए।

प्र.14 लता मंगेशकर की गायकी की दो विशेषताएं लिखिए।

अथवा

भारतीय कला और भारतीय संस्कृति में क्या संबंध है? लिखिए।

प्र.15 समूह संचार को परिभाषित कर लिखिए।

अथवा

अंतर्वैयक्तिक संचार की परिभाषा लिखिए।

प्र.16 मीरा अथवा निर्मला पुतुल का जीवन परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिए-

(अ) दो रचनाएं

(ब) भावपक्ष-कलापक्ष

(स) साहित्य में स्थान

प्र.17 सत्यजित राय अथवा बालमुकुंद गुप्त का जीवन परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिए -

(अ) दो रचनाएं

(ब) भाषा-शैली

(स) साहित्य में स्थान

प्र.18 निम्नलिखित वाक्य का भाव पल्लवन लिखिए-

'जल है, तो कल है।'

अथवा

म.प्र. पर्यटन निगम, भोपाल पर्यटकों को भोपाल भ्रमण हेतु आमंत्रित करना चाहता है, के लिए विज्ञापन लिखिए।

प्र.19 निम्नलिखित अपठित पद्यांश अथवा गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर

लिखिए -

आजीवन उसको गिने,

सकल अवनि सिरमौर

जन्मभूमि जलजात के

बने रहैं जन भौर।

फलद कल्पतरू तुल्य है

सारे विटप बबूल

हरिपद रज सौ पूत है

जन्म धरा की धूल है।।

प्रश्न -

(i) उपर्युक्त पद्याश का एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का भाव स्पष्ट कर लिखिए।

(ii) जन्मभूमि किस प्रकार फालदायिनी है?

अथवा

जीवन में हम जैसा विचार करते हैं। उसी तरह की घटनाएं हमारे जीवन में होती हैं। हम समय के साथ विचार बोते हैं। हम सभी जानते हैं कि हम जिस प्रकार के बीज बोते हैं, उसी प्रकार की फसल हमें प्राप्त होती है।

जब हम सकारात्मक विचार अपने मन में बोते हैं तो उत्साह, उमंग और उल्लास से भरी हुई जिंदगी हमें मिलती है। जिस तरफ हमारा ध्यान जाता है, हमारी ऊर्जा भी वैसी ही होती चली जाती है। अतः हमारे जीवन में कितनी भी निराशापूर्ण स्थिति हो, हमें हमेशा सकारात्मक विचार रखकर अपना जीवन जीना चाहिए। जब हमारे विचार अच्छे होगें, तो हमारे आस-पास का वातावरण सकारात्मक होता चला जाएगा।

प्रश्न -

(i) उक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) यदि हम सकारात्मक विचार रखेंगे तो क्या होगा ?

(iii) निराशापूर्ण स्थिति में हमें कैसा व्यवहार करना चाहिए?

प्र.20 निम्नलिखित पद्यांश का संदर्भ एवं प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए-

हम तौ एक एक कर जांनां।

दोइ कहै तिनहीं कौ दोजग जिन नाहिन पहिचांनां ।।

एकै पवन एक ही पानी एकै जोति समांनां ।

एकै खाक गढ़े सब भांडै एकै कोंहरा सांनां ।।

जैसे बाढ़ी काष्ट ही काटै अगिनि न काटै कोई।

सब घटि अंतरि तूँही व्यापक धरै सरूपै सोई।।

माया देखि के जगत लुभानां काहे रे नर गरबांनां ।

निरमै भया कछू नहिं ब्यापै कहै कबीर दिवांनां ।।

अथवा

हे भूख ! मत मचल
प्यास, तड़प मत
हे नींद ! मत सता
क्रोध, मचा मत उथल-पुथल
हे मोह ! पाश अपने ढील
लोभ, मत ललचा
हे मद! मत कर मदहोश
ईर्ष्या, जला मत
ओ चराचर! मत चूक अवसर
आई हूँ संदेश लेकर चन्नमल्लिकार्जुन का

प्र. 21 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए-

आखिर श्रीनिवास की भूमिका के लिए हमें जो सज्जन मिले, उनका चेहरा पहले वाले श्रीनिवास से मिलता-जुलता नहीं था, लेकिन शरीर से वे श्रीनिवास जैसे ही थे। उन्हीं पर हमने दृश्य का बाकी अंश चित्रित किया। फिल्म में दिखाई देता है कि एक नंबर श्रीनिवास बाँसवन से बाहर आता है और अगले शॉट में दो नंबर श्रीनिवास कैमरे की ओर पीठ करके मुखर्जी के घर के गेट के अंदर जाता है। 'पथरे पांचाली' फिल्म अनेक लोगों ने एक से अधिक बार देखी है, लेकिन श्रीनिवास के मामले में यह बात किसी के ध्यान में आई है, ऐसा मैंने नहीं सुना !

अथवा

बहनों और भाइयों,

इतनी बड़ी संख्या में आपकी उपस्थिति और जोश बता रहा कि अब हमारी मंजिल दूर नहीं है। इन दो महीनों में लोगों से मिलने पर इस समस्या के कई पहलु हमारे सामने आए..............कुछ अभी आप लोगों ने भी यहाँ सुने। यह भी सामने आया कि बहुत से बच्चों के लिए ट्यूशन जरूरी भी है। माँएं इस लायक नहीं होती कि अपने बच्चों पढ़ा सकें ओर पिता जैसे वे घर के और किसी काम में जरा-सी भी मदद नहीं करते, बच्चों को भी नही पढ़ाते।

प्र.22 अपने क्षेत्र के थाना प्रभारी को एक पत्र लिखिए जिसमें क्षेत्र में बढ़ती हुई आपराधिक घटनाओं के बारे में बताते हुए उनकी रोकथाम के लिए उचित कार्यवाही करने का निवेदन किया गया हो।

अथवा

अपने भाई के विवाह में आमंत्रित करने के लिए मित्र को आमंत्रण पत्र लिखिए।

प्र.23 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित सारगर्भित निबंध लिखिए-

(i) 21 वीं सदी का भारत

(ii) पर्यावरण और बचाव

(iii) जीवन में खेलों का महत्त्व

(iv) अनुशासन, सफलता की कुंजी

(v) इन्टरनेट की दुनिया